


# भारत की सेमीफाइनल में जगह पक्की

## भारत ने जापान को 3-2 से हराया, सुपर 4 में आगे

- भारत ने ग्रुप ए में लगातार दूसरी जीत दर्ज की
- मनदीप सिंह और हरमनप्रीत सिंह ने गोल किए
- जापान के कावाबे कोसेई ने दो गोल किए



**राजगीर (बिहार) 31 अगस्त (वार्ता) भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को एशिया कप 2025 के ग्रुप ए के दूसरे मैच में जापान को 3-2 हरा दिया है. भारत की यह लगातार दूसरी जीत है और दो मैचों में छह अंकों के साथ वह पूल ए में शीर्ष पर है.**

इस जीत के साथ उसने टूर्नामेंट में सुपर 4 चरण में अपनी जगह पक्की कर ली है. आज यहां स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पुरुष हॉकी रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत के लिए मनदीप सिंह (चौथे मिनट में), हरमनप्रीत सिंह (5वें और 46वें मिनट में) ने गोल दागे. वहीं, 18वें स्थान पर मौजूद जापान के लिए कावाबे कोसेई ने दो गोल (38वें और 59वें मिनट) किये.

भारत ने मैच की शानदार शुरुआत की और अपना दबदबा बनाये. पहले क्वार्टर में भारत ने दो गोल दागे. मैच के चौथे मिनट में मनदीप सिंह ने मैदानी गोल के साथ टीम को बढ़त दिलाई. इसके बाद मेजबान टीम ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर अपने नाम किए. कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मौके को भुनाते हुए ड्रैगफ्लिक के साथ पीसी को गोल में तब्दील किया और भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया. वहीं, जापान ने भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हुए. दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा. दोनो टीमों ने गोल करने के मौके बनाए, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हो सके. जापान ने लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए थे.

> तीसरे क्वार्टर में जापान ने गोल के साथ मैच में वापसी की. जापान के लिए कावाबे कोसेई ने 38वें मिनट पर फील्ड गोल दागकर स्कोर 2-1 कर दिया. इस क्वार्टर में भारत ने अटैक करना जारी रखा और आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया. जिसे हरमनप्रीत सिंह ने अपने शानदार ड्रैगफ्लिक से गोल में तब्दील कर दिया. चौथे क्वार्टर में भारत ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए रखा. जापान ने लगातार मौके बनाए और मैच खत्म होने से पहले कावाबे ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया. लेकिन मैच जीतने में कामयाब नहीं हो सके. भारतीय हॉकी टीम अपना अगला मुकाबला कजाकिस्तान के खिलाफ खिलाफ सितंबर को खेलेगी.

# अंकित और रशीद साउथ जोन टीम में शामिल

- दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए बने विकल्प
- तिलक वर्मा एशिया कप कारण अनुपस्थित
- मोहम्मद अजहरुद्दीन करेंगे टीम की अगुवाई
- अंकित शर्मा ने रणजी में 24 विकेट लिए





**बेंगलुरु 31 अगस्त (वार्ता) साउथ जोन ने चार सितंबर से शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए पुडुचेरी के ऑलराउंडर अंकित शर्मा और आंध्रप्रदेश के शीर्ष क्रम बल्लेबाज शेख़ रशीद को कप्तान तिलक वर्मा और आर साई किशोर के विकल्प के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है.**

तिलक एशिया कप में चयनित होने के कारण दलीप ट्रॉफी के आगामी मैच में नहीं खेल पाएंगे. केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को उपकप्तान नियुक्त किया गया था इसलिए तिलक की अनुपस्थिति में वह टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे. साई किशोर उंगली की चोट के चलते चेन्नई में बुची बाबू टूर्नामेंट भी नहीं खेल पाए थे.

34 वर्षीय अंकित ने 2024-25 के रणजी सत्र में सात मैचों में 28.85 की औसत से 24 विकेट लेकर पुडुचेरी के लिए दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे. वहीं रशीद ने आंध्रा के लिए 12 पारियों में 52.25 की औसत से सर्वाधिक 627 रन बनाए थे जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल था. रशीद और अंकित दोनों की साउथ जोन की टीम में स्टैंड बाय खिलाड़ियों में शामिल किए गए थे.

सेमीफाइनल में साउथ जोन का सामना नॉर्थ जोन से होगा. वहीं अन्य सेमीफाइनल में सेंट्रल जो और वेस्ट जो भिड़ेंगे.

> **सेमीफाइनल के लिए वेस्ट जोन की टीम इस प्रकार है**
> मोहम्मद अजहरुद्दीन (कप्तान और विकेटकीपर), एन जगदीशन (उपकप्तान), तन्मय अग्रवाल, शेख रशीद, देवदत्त पड़िक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, टी विजय, अंकित शर्मा, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैशक, एम डी निदेश, रिकी भुई, बासिल एन पी, गुरजपनीत सिंह और स्नेहल कौथंकर.

# सात्विक-चिराग का अगला लक्ष्य टूर फाइनल्स

- विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग ने कांस्य पदक जीता
- कोच ने कांस्य जीत की सराहना और सुधार की जरूरत बताई



**नई दिल्ली, 31 अगस्त.भारतीय डबल्स कोच टैन किम हर ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के कांस्य पदक जीतने की प्रशंसा की, लेकिन साथ ही इस अवसर को चूकने का अफसोस भी जताया. उन्होंने कहा कि फाइनल में जाने के लिए इन डबल्स विशेषज्ञों को अपनी फिटनेस पर और अधिक काम करने की जरूरत है.**

दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर अपना दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक सुनिश्चित किया. हालांकि, फाइनल में पहुंचने की उनकी कोशिश तब विफल हो गई, जब उन्हें सेमीफाइनल में चीन के चेन बो यांग और लियू यी से हार का सामना करना पड़ा. टैन ने कहा, मैं इस विश्व चैंपियनशिप फाइनल को लक्ष्य बना रहा था, लेकिन दुर्भाग्य से वे कल हार गए. फिर भी, उन्होंने पहले दिन से ही काफी अच्छा प्रदर्शन किया है. इस साल हम कम से कम चार-पांच सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं.

## हरारे एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**दुबई.** हरारे में हुए पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया. यह जुर्माना मेहमान टीम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, निर्धारित समय सीमा से एक ओर कम फेंकने पर एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा लगाया गया. खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है.

# दलीप ट्रॉफी : नॉर्थ और सेंट्रल जोन सेमीफाइनल में पहुंचे

**198** रनों की पारी खेली अंकित कुमार ने

**204** रन बनाकर आयुष बदोनी नाबाद



**बेंगलुरु 31 अगस्त (वार्ता) नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के आधार पर रविवार को दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह बना ली.**

नॉर्थ जोन ने दो विकेट पर 388 रन से आगे खेलना शुरु किया. आज यहां सुबह कप्तान अंकित कुमार और आयुष बदोनी अपनी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले गये. इसी दौरान 444 के स्कोर पर मुख्तार हुसैन ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे अंकित कुमार को आउटकर पवेलियन भेज दिया. अंकित कुमार मात्र दो रन से अपना दोहरा शतक चूक गये.


> उन्होंने 321 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 198 रनों की पारी खेली. इसके बाद चौथे विकेट के रूप में निशांत सिंधु (68) रन बनाकर आउट हुये. नॉर्थ जोन ने आयुष बदोनी का दोहरा शतक बनने के बाद 146.2 ओवर में चार विकेटपर 658 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी. नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ 833 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया. आयुष बदोनी 223 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 204 रन बनाये.कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे.नॉर्थ जोन ने पहली पारी में 405 रन बनाये.

## एक नजर में



### नीरज चोपड़ा टोक्यो में करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**चेन्नई.** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने रविवार को अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 19 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की. मौजूदा विश्व चैंपियन और जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 14 पुरुष और 5 महिलाओं सहित कुल 19 एथलीटों वाली इस टीम की अगुवाई करेंगे, और उनसे देश को पदक की सबसे बड़ी उम्मीद है. चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक चलेगी. नीरज ने मौजूदा चैंपियन होने के नाते वाइल्डकार्ड के जरिए इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है. उनके साथ जैवलिन थ्रो इवेंट में तीन और भारतीय एथलीट, सचिन यादव, यश वीर सिंह और रोहित यादव, भी भाग लेंगे. तीन अन्य एथलीटों ने भी एंट्री मानकों को बेहतर करके क्वालीफाई किया है. इनमें गुलवीर सिंह (5000 मीटर और 10,000 मीटर), प्रवीण चित्रवेल (ट्रिपल जंप) और पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज) शामिल हैं. मध्य-दूरी की धावक पूजा भी 800 मीटर और 1500 मीटर सहित दो स्पर्धाओं में भाग लेंगी.एएफआई के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने बताया कि एथलीटों के लिए टोक्यो में 4 से 9 सितंबर तक एक पूर्व-प्रतियोगिता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है.



### IPL संन्यास के बाद टी20 लीग में वापसी

**चेन्नई.** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आर. अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के कुछ दिनों बाद ही आईएलटी 20 नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत किया है. यह रिपोर्ट रविवार को सामने आई. संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली यह टी20 लीग 2 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगी, जबकि इसकी नीलामी 30 सितंबर को होगी. पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 सितंबर है. क्रिकबज को दिए एक बयान में अश्विन ने कहा, मैंने आईएलटी 20 नीलामी के लिए अपना नाम भेजा है. उम्मीद है, मुझे कोई खरीदार मिल जाएगा.रॉबिन उथप्पा, यूसुफ पठान और अंबाती रायडू उन कुछ भारतीय क्रिकेटरों में शामिल हैं, जो इस लीग में खेल चुके हैं. अश्विन, जिन्होंने 2025 सीज़न से पहले चेन्नई सुपर किंग्स में वापसी की थी, ने 27 अगस्त को एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से भारत के प्रमुख टी20 टूर्नामेंट से संन्यास लेने की घोषणा की थी.



टाई-ब्रेकर्स आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हम मैच जीते :

# यू मुम्बा ने टाई-ब्रेकर में जीता रोमांचक मैच

**विशाखापट्टनम, 31 अगस्त (वार्ता) प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में यू मुम्बा के कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेक प्रारुप की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हमें जीत तक ले गया.**

यू मुम्बा ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत के साथ की. गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबला 29-29 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में यू मुम्बा ने 6-5 से बाजी मारी. विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब में हुआ यह मैच सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में दूसरी बार नए टाई-ब्रेकर नियम तक पहुंचा, जिसने दर्शकों को आखिरी रेड तक रोमांचित रखा. कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेकर प्रारुप की सराहना करते हुए इसे रोमांचक और स्वागत योग्य बदलाव बताया. सुनील ने मैच के बाद कहा, टाई-ब्रेकर में सबसे जरूरी है शांत रहना. ऐसे पलों में आपको अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करना होता है और दिमाग से खेलना होता है. वही धैर्य हमें आज जीत तक ले गया.

> गुजरात के स्टार डिफेंडर मोहम्मदरेजा शादलुई के साथ टाई-ब्रेकर में हुए अहम पल पर सुनील ने कहा, वह बेहद तीखा मुकाबला था. उन्होंने मुझसे अंक लेने की कोशिश की, लेकिन ऐसे मौकों पर अनुभव काम आता है. ऐसे मैच दिखाते हैं कि कैसे मामूली अंतर से नतीजा तय होता है. टीम के पहले मैच में मिली कड़ी जीत को अहम बताते हुए सुनील ने कहा, टाई-ब्रेकर में ओपनिंग मैच जीतना टीम में विश्वास जगाता है.

## जापान के कवानो ने जीते दो खिताब, भारतीय खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**पुणे.** जापान के काजुमा कवानो ने रविवार को यहां योनेक्स सनराइज इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री बैडमिंटन टूर्नामेंट में लड़कों के एकल और युगल खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की. भारतीय खिलाड़ियों ने भी दो खिताब अपने नाम किए, जिसमें लड़कियों का युगल और मिश्रित युगल शामिल है. नौवीं वरीयता प्राप्त कवानो ने लड़कों के एकल के एक घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ह्युगा ताकानो को 23-21, 18-21, 25-23 से हराकर खिताब जीता. इस बीच, आन्या बिष्ट और एंजेल पुनेरा की भारतीय जोड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जापान की आओई बन्नो और युजू उएनो को हराकर लड़कियों का युगल खिताब अपने नाम किया. गैर-वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए 21-23, 21-12, 21-17 से जीत दर्ज की. मिश्रित युगल में, वंश देव और श्रावणी वालेकर की जोड़ी ने सी लालरामसांगा और तारिणी सूरी की जोड़ी को 21-12, 21-13 से हराकर भारत को दूसरा खिताब दिलाया.



# जापान की यामागुची ने तीसरी बार जीता बैडमिंटन विश्व खिताब

- चीन की चेन यूफेई को हराकर किया फाइनल में दबदबा
- फाइनल में यामागुची ने 21-9, 21-13 से जीत हासिल की

**पेरिस, 31 अगस्त. जापान की अकाने यामागुची ने रविवार को महिला एकल बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में चीन की पूर्व विश्व नंबर एक चेन यूफेई को 21-9, 21-13 से हराकर अपना तीसरा विश्व खिताब जीता.**

पाँचवीं वरीयता प्राप्त यामागुची को मैच के दौरान शायद ही कभी मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उन्होंने सिर्फ 37 मिनट में 2021 और 2022 के बाद अपने तीसरे विश्व खिताब पर कब्जा किया.

टोक्यो 2020 की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन यूफेई सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन एन से-यंग को हराकर फाइनल में पहुंची थीं. चेन को सेमीफाइनल मैच में टखने में मोच आ गई थी, जिससे उनकी मूवमेंट बाधित दिख रही थी. यामागुची ने इसका पूरा फायदा उठाया और आसानी से मैच जीत लिया.

**खेलों में हरियाणा सुपर पावर** ओलंपिक और एशियाड में अधिक पदक हासिल,महिला खिलाड़ियों के लिए विशेष सुविधाएं और आरक्षण

# सबसे ज्यादा पदक हमारे खिलाड़ियों के पास : पंवार

- मेजर ध्यानचंद जयंती पर खेल दिवस मनाया
- राज्य में 1,489 खेल नर्सरियां और 298 स्टेडियम संचालित
- ओलंपिक विजेताओं को 2.5

**सोनीपत, 31 अगस्त (वार्ता) हरियाणा के पंचायती राज एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को कहा कि खेलों में सुपर पावर है हरियाणा, ओलंपिक हो या एशियाड सबसे ज्यादा पदक हमारे खिलाड़ियों के पास ही आते हैं.**

श्री पंवार ने आज यहां सेक्टर-4 स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को खेल दिवस की बधाई दी और राज्य सरकार की खेल नीतियों एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि खेलों में सुपर पावर है हरियाणा, ओलंपिक हो या एशियाड सबसे ज्यादा पदक हमारे खिलाड़ियों के पास ही आते हैं.



इससे पूर्व उन्होंने खेल दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत आयोजित साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उन्होंने कहा कि आज तेज बारिश के कारण भी सैकड़ों की संख्या में यहां पहुंचे युवाओं के जज्बा और जनून दिखाता है कि आने वाले भारत का भविष्य स्वर्णिम है और इन्ही युवाओं की शक्ति से हमारा देश वर्ष 2047 तक विकसित बनेगा और क्षेत्र में अपनी नई उठान भरेगा. कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का नाम आते ही हमारे सामने हॉकी के अद्भुत कौशल और गोल की छवि उभरती है. उनका जीवन संघर्ष और अनुशासन का प्रतीक है.

> उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में खेलों के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का विकास हुआ है. राज्य में एक हजार 489 खेल नर्सरियां संचालित है और उनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं. इनमें 593 करोड़ रुपये की लागत से 298 खेल स्टेडियम और 224 खेल विहार निर्मित किए गए हैं. उन्होंने कहा कि 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' लागू किया गया है. ओलंपिक विजेताओं को क्रमश- 6 करोड़, 4 करोड़ और 2.5 करोड़ तक पुरस्कार राशि दी जा रही है. उन्होंने कहा कि हरियाणा की नौ बेटियां भारतीय टीम में चयनित हुई हैं.